"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान ( बिना डा्क टिकट ) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## (असाधारण)

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 169 ] रायपुर, बुधवार, दिनांक 3 मार्च 2021 —— फाल्गुन 12, शक 1942

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 3 मार्च 2021

क्रमांक 3323/डी. 34/21-अ/प्रारू./छ. ग./21. — छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 20-02-2021 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**उमेश कुमार काटिया**, अतिरिक्त सचिव.

## छत्तीसगढ़ अधिनियम
(क्रमांक 3 सन् 2021)

# छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध (संशोधन) अधिनियम, 2020

**छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 (क्र. 16 सन् 2005) को और संशोधित करने हेतु अधिनियम.**

भारत गणराज्य के इकहत्तरवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधानमण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

**संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.**

1. (1) यह अधिनियम छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध (संशोधन) अधिनियम, 2020 कहलायेगा.

(2) इसका विस्तार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा.

(3) यह भूतलक्षी प्रभाव से 1 मार्च, 2020 से प्रवृत्त होगा.

**धारा 3 का संशोधन.**

2. छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 (क्र. 16 सन् 2005) की धारा 3 पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :-

"परन्तु यह कि वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के लिये राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगी :

परन्तु यह और कि आंतरिक व्यवधान अथवा प्राकृतिक आपदाओं या कोई ऐसे विशिष्ट आधार, जिसे राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे, के कारण राज्य के वित्त पर अप्रत्याशित मांगों के आधार या आधारों पर राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा और कुल दायित्व, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के अनुसार इस उपबंध में विनिर्दिष्ट सीमाओं से बढ़ सकता है."

अटल नगर, दिनांक 3 मार्च 2021

क्रमांक 3323/डी. 34/21-अ/प्रारू./छ. ग./21.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग का समसंख्यक अधिनियम दिनांक 3-3-2021 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**उमेश कुमार काटिया**, अतिरिक्त सचिव.

CHHATTISGARH ACT

(No. 3 of 2021)

# THE CHHATTISGARH FISCAL RESPONSIBILITY AND BUDGET MANAGEMENT (AMENDMENT) ACT, 2020

**An Act further to amend the Chhattisgarh Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2005 (No. 16 of 2005).**

Be it enacted by the Chhattisgarh Legislature in the Seventy First Year of the Republic of India, as follows :-

**Short title, extent and commencement.**

1. (1) This Act may be called the Chhattisgarh Fiscal Responsibility and Budget Management (Amendment) Act, 2020 .

(2) It shall extend to the whole State of Chhattisgarh.

(3) It shall come into force with retrospective effect from the 1st day of March, 2020.

**Amendment of Section 3.**

2. After Section 3 of the Chhattisgarh Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2005 ( No. 16 of 2005 ), the following shall be added, namely :-

"Provided that fiscal deficits for the financial years 2019-20 and 2020-21 shall not exceed five percent of Gross Domestic Product:

Provided further that revenue deficit, fiscal deficit and total liabilities as percentage of Gross Domestic Product may exceed the limits specified under this provision on the ground or grounds of unforeseen demands on the finances of the State arising out of internal disturbance or natural calamity or such other exceptional grounds as the State Government may specify."

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, नवा रायपुर अटल नगर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2021.